# राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र उत्तर प्रदेश द्वारा प्रथम बैच के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक व्यापक क्षमता-निर्माण पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक कौशल, डिजिटल दक्षताओं और नागरिक-केंद्रित सेवा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना है। यह कार्यक्रम सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

राष्ट्रीय कर्मयोगी लार्ज स्केल जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, उत्तर प्रदेश में 25 नवंबर 2025 में प्रथम बैच के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र का औपचारिक उद्घाटन **श्री आशेष कुमार अग्रवाल, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी** द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कर्मयोगी पहल के महत्व एवं उद्देश्यों से अवगत कराया।



**प्रशिक्षण सत्र का औपचारिक उद्घाटन करते हुए श्री आशेष कुमार अग्रवाल, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी**

इस प्रशिक्षण का संचालन **निम्नलिखित कर्मयोगी मास्टर ट्रेनर्स** द्वारा किया गया:-

- श्री दीपक शर्मा, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.)
- श्री सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.)
- श्री राज कुमार गुप्ता, निदेशक (आई.टी.)
- श्री प्रदीप कुमार, संयुक्त निदेशक (आई.टी.)

कार्यक्रम की शुरुआत **आई.गॉट. कर्मयोगी ऐप पर प्रतिभागियों के नामांकन** से हुई। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों ने एक **प्री-प्रोग्राम सर्वे** पूरा किया, जिससे उनकी वर्तमान क्षमता एवं प्रशिक्षण अपेक्षाओं का आकलन किया गया।



**आई.गॉट. कर्मयोगी ऐप पर नामांकन करते हुए प्रतिभागी**

पूरे दिन चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल **23 प्रतिभागियों** ने सक्रिय और उत्साही सहभागिता दर्ज की।

- प्रातः सत्र में प्रतिभागियों को *राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम के उद्देश्य, विज़न* एवं इसके प्रशासनिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
- प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यों में **"कर्मयोगी मोमेंट्स"** विकसित करने की अवधारणा से परिचित कराया गया, ताकि वे सेवा प्रदायगी में नवाचार और संवेदनशीलता ला सकें।
- मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को पूरे सत्र के दौरान उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें कार्यक्रम के *मुख्य लक्ष्यों और अपेक्षित परिणामों* से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

<u>**कार्यक्रम की झलकियाँ**</u>








प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने **फाइनल असेसमेंट** में हिस्सा लिया, जिसके आधार पर उनके **राष्ट्रीय कर्मयोगी प्रशिक्षण प्रमाणपत्र** तैयार किए गए जो की वो ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं । इस प्रक्रिया ने प्रशिक्षण के सीखने के परिणामों का स्पष्ट मूल्यांकन सुनिश्चित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी, प्रेरक और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों ने मिशन कर्मयोगी के उद्देश्यों, नागरिक-केंद्रित प्रशासन और आधुनिक शासन सिद्धांतों को समझने और अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति दर्शाई।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह पुन: पुष्टि की है कि वह निरंतर क्षमता-विकास, नवाचार एवं उत्कृष्ट सार्वजनिक सेवा प्रदायगी के लिए प्रतिबद्ध है।

**NIC UP Media Team**